Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to accord priority to local youths in recruitment in NMDC plant in Bastar and Dantewada districts of Chhattisgarh -laid.

श्री दीपक बैज (बस्तर) : दंतेवाड़ा-बस्तर जिले में एनएमडीसी प्लांट है, इस संयंत्र में विभिन्न पदों पर भर्तियों के लिए समय-समय पर आवेदन ऑल इंडिया स्तर पर अभ्यर्थियों से मंगाया जाता है, भर्ती का केन्द्रीय मुख्यालय हैदराबाद रखा जाता है । बस्तर एवं दंतेवाड़ा जिले के स्थानीय युवकों को रोजगार में कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती है । स्थानीय युवकों की नियुक्तियों के लिए अलग प्रावधान नहीं है । जिसके कारण स्थानीय युवकों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है । चूंकि यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र है जिसके कारण स्थानीय युवकों का शिक्षा स्तर प्रभावित होता है, इसलिए वे उन अभ्यर्थियों के समकक्ष भर्ती परीक्षाओं में वांछित प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं पर प्रतिभा के मामले में स्थानीय युवक किंचित कमतर नहीं हैं ।

मेरी मांग है कि दंतेवाडा-बस्तर जिले में एनएमडीसी प्लांट में कुछ पदों पर स्थानीय युवकों की नियुक्ति हेतु अलग प्रावधान करे या कुछ पदों को सिर्फ स्थानीय युवकों से भरने का प्रावधान किया जाए जिससे स्थानीय युवकों को नियुक्ति में प्राथमिकता मिल सके ।